‘अप्प दीपो भव’

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2017-18
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 30.11.2017
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रुपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन – जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 23354841-42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 21 ● अंक 1 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 16 से 30 नवंबर, 2017

प्राइवेट सेक्टर में रिजर्वेशन

डॉ. उदित राज

निजी क्षेत्र में आरक्षण की बात गत कई वर्षो से बार-बार उठ रही है । यह विषय चर्चा में फिर से आया जब बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने सरकार द्वारा निजी कंपनियों को काम(आउटसोर्सिंग) में दलित और पिछड़ों को आरक्षण दिया। उसके बाद पक्ष और विपक्ष खड़ा हो गया। विरोध करने वाले सोचते हैं कि इससे मेरिट पर असर पड़ेगा । दलित और पिछड़े अनारक्षित वर्ग के बच्चों का हक मारेगे । इसमें यह भी भ्रान्ति है कि इससे उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा । आरक्षण के पक्षधर कहते हैं कि एक बार प्रवेश द्वार में घुसने की इजाजत तो दो, वो भी साबित करेंगे कि वे किसी से कम नही हैं । मेरिट एक बकवास है, जिसे अवसर न मिले वह अपनी मेरिट कैसे सिद्ध कर सकता हैं ? जहाँ तक उत्पादन की बात है वह बढ़ेगी ही क्योंकि ये मेहनती होने के साथ-साथ आकाविहीन भी हैं इसलिए कार्य में आनाकानी नही करते ।

सबसे पहले आरक्षण विरोधियों के तर्क पर चर्चा करते हैं । नेपोलियन ने कहा था कि बिना अवसर के योग्यता के क्षमता का आंकलन करना संभव नहीं है । अंग्रेजों ने जब इंडियन सिविल सर्विसेस की शुरुआत करी थी तो भारतीय प्रतियोगिता में सफल नही हो पा रहे थे और तब दादा भाई नौरोजी ने आन्दोलन किया था कि यहाँ के लोगों को भी अवसर दिया जाना चाहिए । जन्म से कोई मेरिट लेकर नहीं पैदा होता है, जो मेरिट की बात करते हैं वे यह बताएं कि हमने कौन सी खोज, आविष्कार या तकनीक विकसित किया है । लगभग 95 प्रतिशत ज्ञान- विज्ञान एवं तकनीक हम आयातित करते हैं । जो निजी क्षेत्र उत्पादन और गुणवत्ता के ऊपर सवाल उठा रहा है, तो यह भी बताये कि कौन से बड़े व्यापारी ने इस देश में खोज और आविष्कार किया है । जुकरबर्ग ने फेसबुक का आविष्कार करके पैसा कमाया, बिल गेट्स ने कंप्यूटर विंडोज का। स्टीव जॉब ने एप्पल की तकनीक खोज कर उद्योग को बढाया। विज्ञान, इंजीनियरिंग, बायोलोजी, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं मेडिकल के विषयों को कौन भारत में शिक्षा पद्धति के रुप में लाया । विषय एवं ज्ञान को किसने दिया । यह कहा जाता है कि प्राचीन भारत में यह सब कुछ था और वेद पुराण इसको प्रमाणित करते हैं। हजारों वर्ष पहले क्या हुआ उसको नकारना या स्वीकार करने के पचड़े में न पड़ते हुए मेरिटधारियों से पूछा जाये कि अब कौन रोक रहा इन्हें आविष्कार करने से । आज तक

भारत जहाज नहीं बनाता। युद्ध के ज्यादातर हथियार विदेशों से ही खरीदे जाते हैं। इन मेरिटधारियों की सोंच सही होती तो ज्ञान और तकनीक हम विकसित कर गए होते। यूरोप में जिन्होंने लोहे और औजार के क्षेत्र में कार्य किये उनके हाथों को सम्मान दिया गया और इससे प्रोत्साहित होकर उन्होंने मेटलर्जी विषय विकसित कर दिया और हमारे यहाँ तो लोहार ही रह गया। जिन्होंने मकान बनाया तो उनको सम्मान मिला और धीरे-धीरे वो इंजिनियर हुए और हमारे यहाँ तो मिस्त्री और मजदूर ही बना रहा। अगर हमने भी चमड़ा निकालना, पकाना और उसके बाद नाना प्रकार के उपयोग की वस्तुएं बनाने वाले को नीच व अछूत न कहे होते तो वह भी विषय को विकसित करते और वे भी टेक्नोक्रेट होते । हमे बाहर से ज्ञान को आयातित न करना पड़ता । अभी भी हम नही चेत पाए हैं और इसीलिए हमारा आयात बहुत ज्यादा है और निर्यात कम। कोरिया और चीन जैसे देश लगभग 30-40 साल पहले लगभग हमारे बराबर थे आज वो कहाँ खड़े हैं सभी जानते हैं ।

दलित- पिछड़े अगर निजी क्षेत्र में काम करते हैं तो मुफ्त में तो वेतन नही ले जायेंगे बल्कि उत्पादन ही बढ़ेगा रेलवे बहुत बड़ा विभाग है । दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स के प्रो. अश्विनी देशपांडे एवं मिशिगन विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक प्रो. थामस विसकॉफ ने अनुसूचित जाति एवं जनजातियों को आरक्षण देने के कारण भारतीय रेलवे में 1980 एवं 2002 की अवधि का अध्ययन किया। यह रिपोर्ट वर्ल्ड डेवलपमेंट जर्नल में भी छपी तो पाया कि आरक्षण से प्रतिकूल असर नही पड़ा बल्कि जहाँ पर दलित -आदिवासी कर्मचारी अधिक थे वहां उत्पादन बढ़ा ही ।

निजी क्षेत्र में आरक्षण से देश को कितना लाभ होने वाला है । जिस आबादी को बिहार सरकार ने आरक्षण दिया वह लगभग 80 प्रतिशत है। इनकी आय बढ़ेगी तो घूम फिरकर के फायदा किसका होगा। उद्योग-धंधे ज्यादातर सवर्णो के हाथों में हैं तो सामान उनका ही बिकेगा। इनकी क्रय शक्ति बढ़ने से मांग बढ़ेगी तो उत्पादन ज्यादा करना पड़ेगा । इससे निवेश भी बढ़ेगा और गुणवत्ता, जात-पात भी इससे कम होगा। इस अवसर से लोग शिक्षित होंगे और इससे कानून व्यवस्था में सुधार होगा और जन प्रतिनिधियों का चुनाव भी बेहतर हो सकेगा। गरीबी एक अभिशाप है और उसके रहते स्वस्थ्य एवं खुशहाल वातावरण का होना मुश्किल होगा। ऐतिहासिक तथ्य भी यही कहते हैं कि जहाँ आरक्षण पहले लागू हुआ वहां विकास ज्यादा हुआ है। उत्तर भारत में आरक्षण आजाद भारत के बाद ही लागू हुआ जबकि मद्रास में 1921 में आरक्षण लागू हुआ, त्रावणकोर और मैसूर में 1935 में और महाराष्ट्र में 1902 में। यह 4 राज्य कितने विकसित हैं यह हम सब जानते हैं । आरक्षण विरोधी देश हित में अपने विचार बदलें और विरोध छोड़े ।

***

परिसंघ की रैली

26 दिसंबर,2017 को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में

साथियों जय भीम, 4 दिसम्बर 2017 को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में अनुसूचित जाति/जनजाति परिसंघ की राष्ट्रीय रैली की तिथि रखी गयी थी। संसद सत्र के देरी से शुरु होने की वजह से अब यह तिथि बदलकर सर्वसम्मति से 26 दिसंबर, 2017 तय की गयी है। साथियों, अब हमें तैयारी का अतिरिक्त समय मिल गया है तो रैली और भी बड़ी होनी चाहिए। आप सभी पूरी तैयारी से जुट जाएं। हैंडबिल, पोस्टर, बैनर इत्यादि का नमूना आप सभी को पहले ही भेजा जा चुका था, उसमें तिथि बदलकर अपनी यूनिट की ओर से छपवा लें। यदि राष्ट्रीय कार्यालय से चाहते हैं तो नीचे लिखे नंबरों पर सम्पर्क करें। जो लोग रेलवे से यात्रा करने वाले हैं, वे टिकट अभी से कर लें, यदि वेटिंग है तो पी.एन.आर. हमें भेज दें ताकि रेलगाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगवाकर कन्फर्म करवाया जा सके। सर्दी के समय ज्यादातर रेलगाड़िया देरी से चलती हैं, इसलिए कोशिश करें कि 25 दिसंबर को ही दिल्ली पहुंच जाएं, ताकि रैली में शामिल होने में कठिनाई न हो। ठहरने की व्यवस्था डॉ. अम्बेडकर भवन, नजदीक झंडेवालान मैट्रो, नई दिल्ली पर की गयी है। अधिक जानकारी के लिए प्रदेश अध्यक्षों या राष्ट्रीय कार्यालय को सम्पर्क करें।

रैली से संबंधित खबरों से अपडेट रहने के लिए परिसंघ के फेसबुक www.facebook.com/aiparisangh पेज को लाइक करें, टिवट्र @aiparisangh को फॉलो करें और www.vobnews 24.com भी देखें।

डॉ. उदित राज, राष्ट्रीय चेयरमैन

परिसंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक मे महिला प्रकोष्ठ की शानदार प्रदर्शन

दिनांक 5 नवंबर, 2017 रविवार को कांस्टिट्यूशन क्लब , नई दिल्ली में परिसंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई।

डॉ. उदित राज जी के साथ सविता कादियान पंवार, ममता गेडाम, सुनिता, डॉ. तनुप्रिया, रिटा सरकार एवं परिसंघ महिला प्रकोष्ठ टीम

बैठक में मुख्य रुप से परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज सहित राष्ट्रीय पदाधिकारी, सभी प्रदेश के अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव सचिव, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में 4 दिसंबर, 2017 को रामलीला मैदान नई दिल्ली में होने वाली महारैली पर विस्तार से चर्चा हुआ। और तैयारी हेतु सभी प्रदेशों में कितने लोग आएंगे कितने मीटिंग करेगे। कितने लोग आएंगे क्या तैयारी रहेगी, इस पर अपने अपने विचार रखे और भारी से भारी संख्या में लोगों ने लाखों-लाख संख्या में आने के लिए आश्वासन दिए, रैली पदोन्नति में आरक्षण निजी क्षेत्र में आरक्षण, खाली पदों पर भर्ती, आरक्षण कानून बनाओ, समान और अनिवार्य शिक्षा, न्यायपालिका में आरक्षण, खेल में आरक्षण, दलित उत्पीड़न महिला सशक्तिकरण आदि विषयों पर अपने अधिकार लेने के लिए देश से दलित शोषित समाज रामलीला मैदान से अब अपनी भागेदारी हेतु, 26 दिसंबर को अपनी गर्जना दिल्ली के रामलीला मैदान से करेंगे । महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजक श्रीमति सविता कदियान पंवार जी अपनी दिल्ली प्रदेश की महिला अध्यक्ष सुनीता केम व महाराष्ट्र से ममता, संध्या जी बिहार से पूजा व अनेको सक्रिय महिला कार्यकर्ताओ के साथ जिसमे रश्मि, ममता, कमलेश, सोनिया, डॉ. वैलनटिना, डॉ. तनूप्रिया, संध्या, सुरेखा आदि परिसंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक मे शामिल हुई साथ ही सविता जी ने बताया कि महारैली की तैयारी मे महिला प्रकोष्ठ टीम दिन रात मेहनत रही है और लगातार दिल्ली के अनेकों क्षेत्रों में असंख्य महिलाओं की मीटिंग की जा रही है और यूपी और महाराष्ट्र की बड़ी मीटिंग का पारुप भी तैयार किया है। और बहुत बडी संख्या में महिलाओं की भागीदारी इस 20 महारैली मे हो इसके लिए भरपूर प्रयास किया जा रहा है और महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का प्रयास हो रहा हैं। क्योकि इस बार इस महारैली में ''याचना नही अब रण होगा, संघर्ष अब बड़ा भीषण होगा।''

– सविता कादियान पंवार
राष्ट्रीय संयोजक, महिला प्रकोष्ठ
मो. 9873944026

***

बिहार सरकार द्वारा निजी क्षेत्र में आरक्षण-परिसंघ की जीत

निजी क्षेत्र में आरक्षण समय की जरूरत है

निजी क्षेत्र में आरक्षण की मांग पर विचार करने से पहले यह उल्लेख कर देना जरूरी है कि आरक्षण के मसले पर मेरिट, सामान्य श्रेणी के साथ अन्याय व निजी क्षेत्र की स्वायत्तता में बेमानी दखल जैसे तर्कों पर फालतू चर्चा का अब कोई मतलब नहीं है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निजी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने की हिमायत करते हुए इस पर राष्ट्रव्यापी बहस की मांग की है। कोई भी लोकतांत्रिक सोच रखनेवाला व्यक्ति इस विचार से असहमत नहीं हो सकता है। असहमति आरक्षण या पॉजिटिव अफरमेटिव एक्शन या रिक्रूटमेंट के लागू करने के तौर-तरीके के बारे में हो सकती है, और होनी भी चाहिए, लेकिन मेरिट या किसी ऐसे ही कुतर्क के सहारे इस मांग को खारिज नहीं किया जा सकता है। यह अलहदा बात है कि नीतीश कुमार की अपनी मंशा कितनी ईमानदार है। यह बात कहने का आधार यह है कि मुख्यमंत्री ने इसे अपनी निजी राय बतायी है। इस हिसाब से यह एक राजनीतिक दांव भी कहा जा सकता है। बहरहाल, यह एक अलग मुद्दा है। जहां तक निजी क्षेत्र में आरक्षण का सवाल है, इसके पक्ष में अनेक ठोस तर्क हैं।

निजी क्षेत्र में आरक्षण की मांग की वैधता पर विचार करने से पहले यह उल्लेख कर देना जरूरी है कि आरक्षण के मसले पर मेरिट, सामान्य श्रेणी या अगड़ों के साथ अन्याय तथा निजी क्षेत्र की स्वायत्तता में बेमानी दखल जैसे तर्कों पर फालतू चर्चा का अब कोई मतलब नहीं है। संसद से सड़क और अदालतों तक दशकों तक ये चर्चाएं हुई हैं तथा आरक्षण के पक्ष में ठोस वैधानिक व्यवस्थाएं लागू हैं। आरक्षण कोई दया या दान नहीं है, यह कोई गरीबी मिटाओ योजना नहीं है, यह भी समझाया जा चुका है।

भारतीय संविधान के जिस हिस्से में आरक्षण-संबंधी प्रावधान हैं उनमें 'प्रतिनिधित्व' शब्द का प्रयोग हुआ है। इसका सीधा मतलब है कि सार्वजनिक जीवन के हर क्षेत्र में देश की वंचित आबादी का समुचित प्रतिनिधित्व होना चाहिए। यह भी याद रखा जाना चाहिए कि जिन तबकों के लिए संवैधानिक आरक्षण की व्यवस्था है, आबादी में उनका हिस्सा तीन-चौथाई के करीब है। ये सब इसलिए कहना पड़ रहा है कि जब भी वंचितों के अधिकारों के बारे में बहस होती है, आरक्षण-विरोधी घिसे-पिटे तर्कों को बार-बार दोहराते हैं। हमारे देश में वंचित समुदायों के लिए विशेष अवसर प्रदान करने की परंपरा सौ साल से अधिक पुरानी है, जब पुणे, मैसूर, त्रावणकोर आदि के रजवाड़ों ने शैक्षणिक संस्थाओं में पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण लागू किया था। निजी क्षेत्र में आरक्षण की मौजूदा चर्चा पिछले साल फरवरी में तब शुरू हुई जब राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने इसकी अनुशंसा केंद्र सरकार से की। आयोग का कहना था कि सरकारी क्षेत्र में नौकरियां लगातार घट रही हैं, ऐसे में आरक्षण का विस्तार निजी क्षेत्र में करना होगा। जो लोग यह शोर मचाते रहते हैं कि आरक्षण के कारण उन्हें अवसर नहीं मिल रहा है, उन्हें यह जानना चाहिए कि एक आकलन के मुताबिक शिक्षित लोगों के लिए देश में उपलब्ध कुल नौकरियों में मात्र 0.69 फीसदी ही आरक्षित हैं यानी एक फीसदी से भी कम। वर्ष 2016-17 का आर्थिक सर्वे बताता है कि 2006 में सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों की संख्या 1.82 करोड़ थी, जो 2012 में घटकर 1.76 करोड़ हो गयी यानी उक्त अवधि में सरकारी नौकरियों में 3.3 फीसदी की कमी आयी।

इसके बरक्स निजी क्षेत्र में 2006 में 87.7 लाख नौकरियां थीं, जो 2012 में बढ़ कर 1.19 करोड़ हो गयीं। यह 35.7 फीसदी की बढ़त थी। नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों की सबसे अधिक मार रोजगार पर ही पड़ी है। कुछ और जरूरी आंकड़ों पर नजर डालते हैं। जनसंख्या के हिसाब से देश में 09 फीसदी अनुसूचित जनजाति (एसटी), 19 फीसदी अनुसूचित जाति (एससी) और 44 फीसदी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोग हैं। ध्यान रहे, जातिगत जनगणना के आंकड़े छुपा कर रखे गये हैं। अगर वे जारी हो जाएं तो ये आंकड़े बढ़ सकते हैं। विभिन्न आकलनों की मानें तो एससी में 43 फीसदी, एसटी में 29 फीसदी और ओबीसी में 21 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे है। उच्च जातियों में यह आंकड़ा 13 फीसदी है। अब देखिये, राष्ट्रीय सैंपल सर्वे 2011-12 के आंकड़े क्या बता रहे हैं- माध्यमिक और उससे आगे की शिक्षा के हिसाब से एसटी में 21 फीसदी, एससी में 17 फीसदी और ओबीसी में 30 फीसदी लोग शिक्षित हैं। उच्च जातियों में यह आंकड़ा 46 फीसदी है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हालत बेहद खराब है। एसटी के 03 फीसदी, एससी के 04 फीसदी, ओबीसी के 06 फीसदी और उच्च जाति के 15 फीसदी लोग उच्च शिक्षा प्राप्त हैं। अब नौकरियों का हिसाब देखा जाये। अनियमित नौकरियों में एसटी के 83 फीसदी, एससी के 75 फीसदी और ओबीसी के 64 फीसदी लोग हैं। नियमित रोजगार में उच्च जाति का हिस्सा 70 फीसदी है। सरकारी क्षेत्र में एसटी और एससी का हिस्सा 09 और 18 फीसदी है जो कि उनकी आबादी के अनुपात के करीब है, परंतु निजी क्षेत्र में यह आंकड़ा एसटी के लिए 03 फीसदी और एससी के लिए 13 फीसदी है। निजी क्षेत्र में उच्च जाति की भागीदारी अपनी आबादी के अनुपात से लगभग दुगुनी 39 फीसदी है। यह भी रेखांकित करना जरूरी है कि सरकारी नौकरी में वंचित तबकों की भागीदारी मुख्य रूप से निचली या कौशलरहित श्रेणियों में है। अध्ययन बताते हैं कि 60 फीसदी से अधिक सरकारी सफाई कर्मचारी अनुसूचित जाति से हैं। इन आंकड़ों को अगर हम आर्थिक-सामाजिक सर्वेक्षण के अध्ययन के साथ रखकर देखें, तो निष्कर्ष यही निकलता है कि संविधान में वंचितों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने का जो उद्देश्य निर्धारित किया गया है, उसमें सात दशकों में बेहद निराशाजनक प्रगति हुई है।

आरक्षण के विरुद्ध दिये जाने वाले सभी तर्क इन आंकड़ों के सामने ध्वस्त हो जाते हैं। प्रताड़ना, शोषण, अपमान, कल्याण योजनाओं की बंदरबांट जैसे अन्य पहलू भी हैं, जिनका संज्ञान लिया जाना चाहिए। मजदूरों के मेहनताने से लेकर उनके अधिकारों का जो हनन होता रहा है, अभी उसका लेखा-जोखा लिया जाना तो बाकी ही है। वर्ष 2005 में उच्च शिक्षा संस्थानों में ओबीसी आरक्षण का जो नियमन हुआ था, उसमें गैर-सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं में भी आरक्षण का प्रावधान है, पर एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उसे अमली जामा नहीं पहनाया जा सका है। वर्ष 2004 के नवंबर में 218 बड़े औद्योगिक घरानों और कॉरपोरेट संस्थाओं ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से मुलाकात कर एक पत्र दिया था जिसमें सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को सक्षम बनाने के लिए अफरमेटिव एक्शन के माध्यम से गंभीरता से प्रयास करने का आश्वासन दिया गया था। तब वैधानिक तौर पर आरक्षण का जोरदार विरोध भी दर्ज कराया गया था। लेकिन, यह बात दावे से कही जा सकती है कि कुछ गिने-चुने प्रयासों के अलावा कॉरपोरेट समूहों ने इस भरोसे का मान नहीं रखा। बाबासाहेब आंबेडकर की यह बात हमेशा ध्यान में रखी जानी चाहिए कि सामाजिक विषमताओं के खात्मे के बिना सिर्फ आर्थिक समस्याओं के आधार पर नीतियों का अंबार लगा देना कोई समाधान नहीं है और यह गोबर के टीले पर महल खड़ा करने जैसा होगा।

पिछले कुछ सालों से वैश्विक मंदी और मुनाफाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में भारी संकट पैदा किया है। सरकारें भी अपनी जवाबदेही से लगातार पीछे हटती जा रही हैं। रोजगार में कमी अब निजी क्षेत्र में भी है, निजी शिक्षण संस्थाओं की गुणवत्ता संदेह के घेरे में है। ऐसी स्थिति में वंचित समुदायों के संवैधानिक अधिकारों के प्रति सचेत रहना होगा। निजी क्षेत्र में आरक्षण इस दिशा में एक बड़ी पहल होगी। इसके साथ ही आरक्षण के समर्थन और विरोध में खड़े सामान्य नागरिकों को बेहतर शिक्षा और रोजगार बढ़ाने के लिए भी सरकारों पर दबाव बनाना होगा। ऐसा नहीं हुआ तो आरक्षण का पूरा लाभ भी नहीं मिल सकेगा और आरक्षण के दायरे से बाहर के समुदायों को स्वार्थी समूह भड़काकर अपने हितों को साधते रहेंगे। समय-समय पर लगभग सभी राजनीतिक दलों ने निजी क्षेत्र में आरक्षण की मांग का समर्थन किया है। अब उनकी भी परीक्षा की घड़ी आ रही है।

http://thewirehindi.com/24087/bihar-cm-nitish-kumar-reservation-private-sector/

***

जाति जनगणना का क्या हुआ

दिलीप मंडल

जातिवार जनगणना की मृत्यु हो चुकी है और बिना किसी रुदाली के उसे दफना भी दिया गया है। इसकी कब्र पर अब रोने वाला भी कोई नहीं है। यह सब बेहद चुपचाप हुआ। 2017 के जुलाई महीने की छब्बीस तारीख को दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई। समिति की इस बैठक में फैसला किया गया कि सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी-2011) के लिए हुए 4893 करोड़ रुपए के खर्च को मंजूरी दी जाए। पहले इस पर 4,000 करोड़ रुपए खर्च आने का अनुमान था। साथ ही, मंत्रिमंडल की इस समिति ने कहा कि यह जनगणना 31 मार्च, 2016 को संपन्न हो चुकी है और इस परियोजना के सभी लक्ष्य पूरे हो चुके हैं। सरकार ने न सिर्फ यह फैसला किया, बल्कि बाकायदा प्रेस विज्ञप्ति जारी करके इसकी जानकारी सार्वजनिक भी कर दी।

यह भारत की संसद के साथ की गई बहुत गंभीर वादाखिलाफी है। जाति जनगणना लोकसभा में बनी सर्वदलीय सहमति के बाद हो रही थी। खुद सरकार ने माना है कि सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना के तीन लक्ष्य थे। एक, सामाजिक-आर्थिक हैसियत के अनुसार परिवारों का बंटवारा करना। दूसरा, ऐसा विश्वसनीय आंकड़ा जुटाना, जिससे देश में जाति आधारित गिनती की जा सके। और तीसरा, विभिन्न जातियों और सामाजिक समूहों की सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति के बारे में आंकड़े जुटाना।सरकार खुद बता रही है कि इस परियोजना के दूसरे और तीसरे लक्ष्य के आंकड़े उसके पास नहीं हैं। ऐसे में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति यह कैसे कह रही है कि सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना के 'सभी लक्ष्य पूरे' हो चुके हैं? जाति जनगणना कराना केंद्र सरकार का कोई मामूली फैसला नहीं था। भारत की आजादी के बाद कभी जाति जनगणना हुई नहीं थी। आखिरी जाति जनगणना 1931 में हुई। वर्ष 1941 में जातियों की गिनती होनी थी, लेकिन दूसरे विश्व युद्ध के कारण आंकड़े जुटाए नहीं जा सके। आजादी मिलने के बाद बनी सरकार ने जाति की गिनती नहीं करने का फैसला किया। इसके लिए उस समय कोई कारण नहीं बताया गया, लेकिन समझा जा सकता है कि नेहरूवादी आधुनिकता ने जाति के प्रश्न को सामने न लाने का फैसला किया होगा। संभवतः यह माना गया होगा कि जाति का जिक्र न करने और आंकड़े न जुटाने से जाति खत्म हो जाएगी। लेकिन न तो ऐसा होना था और न ऐसा हुआ।

मंडल आयोग ने आजादी के बाद पहली बार इस बात पर जोर दिया कि जाति भारतीय समाज की सच्चाई है और इसके आंकड़े जुटाए बिना सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान मुश्किल है। मंडल आयोग ने जाति जनगणना कराने की सिफारिश की थी। वर्ष 1997-1998 में संयुक्त मोर्चा की सरकार ने 2001 की जनगणना में जाति को शामिल करने का फैसला मंत्रिमंडल की एक बैठक में किया था। लेकिन इसके बाद आई अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने पिछली सरकार के इस कैबिनेट नोट को रद्दी की टोकरी में डाल दिया और 2001 की जनगणना बिना जाति गिने पूरी हो गई। इसके बाद वर्ष 2011 की जनगणना की बारी थी। इस समय तक शायद देश भी इस नतीजे पर पहुंच चुका था कि जाति नहीं गिनने का जाति के खत्म होने या न होने से कोई रिश्ता नहीं है। इसलिए जब जनहित अभियान समेत कई सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने 2011 की जनगणना में जाति को गिनने का सवाल उठाया, तो इसे राष्ट्रीय स्तर पर काफी समर्थन मिला। यह मामला बार-बार संसद में उठा, आखिरकार 6 मई और 7 मई, 2010 को लोकसभा में इस पर लंबी बहस चली। सदन में मौजूद हर दल के सांसदों ने इसमें हिस्सा लिया। सत्तापक्ष पहले तो टालमटोल का हर जतन करता रहा, लेकिन संसद के भीतर और संसद के बाहर भी जाति जनगणना को लेकर ऐसा माहौल बना कि कांग्रेस से लेकर भारतीय जनता पार्टी और वामपंथी दलों से लेकर समाजवादी पार्टी और दक्षिण भारत से लेकर पूर्वोत्तर तक के दल जाति जनगणना कराने पर सहमत हो गए। सदन में बनी सहमति को देखते हुए, 7 मई को तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जाति जनगणना कराने की घोषणा कर दी।

इसके बाद जाति जनगणना का मामला हमेशा के लिए सुलझ जाना चाहिए था। लेकिन, इस बिंदु पर आकर नौकरशाही और कार्यपालिका के जातिवादी तत्त्वों ने साजिश रच दी। उन्होंने कहा कि 2011 की दस वर्षीय जनगणना में जाति को शामिल करने की जगह अलग से जाति जनगणना करा ली जाए। यह एक बड़ा घोटाला था। 2011 के फरवरी माह में दस वर्षीय जनगणना होनी थी और उसके फॉर्म में जाति का एक कॉलम जोड़ने से जाति की गिनती हो जाती। सन 1931 से पहले यह काम इसी तरह होता था। अलग से जाति गिनने में सबसे बड़ी दिक्कत यह थी कि यह काम जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत नहीं होता। इस वजह से इस काम में सरकारी शिक्षकों को शामिल करना मुश्किल हो गया। शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत जनगणना के अलावा किसी भी और कार्य में सरकारी शिक्षकों को लगाने की मनाही है।जाति जनगणना को मनमोहन सिंह सरकार ने दसवर्षीय जनगणना से अलग करके, सामाजिक-आर्थिक जनगणना के साथ जोड़ दिया, जिसका मकसद गरीबी रेखा से नीचे के यानी बीपीएल परिवारों की पहचान करना था। इस काम में निजी कंपनियों के कर्मचारी और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के कार्यकर्ता लगा दिए गए। नतीजा यह रहा कि जाति जनगणना के आंकड़ों में भयंकर गलतियां हुईं। तब तक दिल्ली में नरेंद्र मोदी की सरकार आ चुकी थी। मोदी सरकार ने इन गलतियों को सुधारने के लिए नीति आयोग के तत्कालीन उपाध्यक्ष अरविंद पानगड़िया के नेतृत्व में एक समिति बना दी। यह आश्चर्यजनक है कि जिन पानगड़िया को जाति और समाजशास्त्र की कोई समझ नहीं थी और जो कि अर्थशास्त्री हैं, उनको जाति के आंकड़ों की गलतियां निकालने का जिम्मा सौंप दिया गया।

आज स्थिति यह है कि पानगड़िया अपना काम छोड़ कर अपनी पुरानी नौकरी यानी पढ़ाने के काम में लौट चुके हैं। आज तक सरकार ने पानगड़िया समिति के बाकी सदस्यों को नियुक्त नहीं किया। यानी वह समिति कभी बनी ही नहीं, जिसे जाति जनगणना के आंकड़े दुरुस्त करके अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपनी थी। इस तरह जाति जनगणना के नाम पर कांग्रेस पार्टी ने जिस घपले की शुरुआत की, उसे भारतीय जनता पार्टी ने मुकाम तक पहुंचाया। जाति जनगणना एक ऐसा शिशु साबित हुआ, जिसका जन्म हो ही नहीं पाया। इस पूरी कवायद में भारतीय राजकोष के लगभग पांच हजार करोड़ रुपए खर्च हो गए। जाति जनगणना के लिए जो हैंडहेल्ड मशीनें आई थीं, उनका एक ही बार इस्तेमाल हुआ। 200 करोड़ रुपए में चीन से खरीदी गई उन मशीनों का अब क्या होगा, इस प्रश्न का उत्तर किसी के पास नहीं है। 5,000 करोड़ की इस गिनती से कोई रिपोर्ट नहीं बनी, लेकिन इस नाकामी के लिए किसी पर गाज नहीं गिरी। जाति जनगणना 2011 शुरुआत से ही अभिशप्त थी। बहुत बेमन से इसे कराया गया और ऐसे हालात बना दिए गए कि जाति जनगणना की मांग करने वाले और संसद को इसके लिए मजबूर कर देने वाले भी भूल गए कि ऐसी कोई जनगणना कभी हुई थी।

***

भारत में कल्चर बन चुका है भ्रष्टाचार - न्यूजीलैंडवासी ब्रायन की कलम से

ब्रायन, गाडजोन न्यूजीलैंड

दुनिया के भ्रष्टाचार मुक्त देशों में शीर्ष पर गिने जाने वाले न्यूजीलैण्ड के एक लेखक ब्रायन ने भारत में व्यापक रूप से फैले भ्रष्टाचार पर एक लेख लिखा है। ये लेख सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। लेख की लोकप्रियता और प्रभाव को देखते हुए विनोद कुमार जी ने इसे हिन्दी भाषीय पाठ्कों के लिए सम्पादित और अनुवादित किया है।

- न्यूजीलैंड से एक बेहद तल्ख आर्टिकिल

भारतीय लोग होब्स विचारधारा वाले है (सिर्फ अनियंत्रित असभ्य स्वार्थ की संस्कृति वाले)

भारत में भ्रष्टाचार का एक कल्चरल पहलू है। भारतीय भ्रष्टाचार मे बिलकुल असहज नहीं होते, भ्रष्टाचार यहाँ बेहद व्यापक है। भारतीय भ्रष्ट व्यक्ति का विरोध करने के बजाय उसे सहन करते हैं। कोई भी नस्ल इतनी जन्मजात भ्रष्ट नहीं होती ये जानने के लिये कि भारतीय इतने भ्रष्ट क्यों होते हैं उनके जीवनपद्धति और परम्परायें देखिये।

भारत में धर्म लेनेदेन वाले व्यवसाय जैसा है। भारतीय लोग भगवान को भी पैसा देते हैं इस उम्मीद में कि वो बदले में दूसरे की तुलना में इन्हे वरीयता देकर फल देंगे। ये तर्क इस बात को दिमाग में बिठाते हैं कि अयोग्य लोग को इच्छित चीज पाने के लिये कुछ देना पड़ता है। मंदिर चहारदीवारी के बाहर हम इसी लेनदेन को भ्रष्टाचार कहते हैं। धनी भारतीय कैश के बजाय स्वर्ण और अन्य आभूषण आदि देता है। वो अपने गिफ्ट गरीब को नही देता, भगवान को देता है। वो सोचता है कि किसी जरूरतमंद को देने से धन बरबाद होता है।

जून 2009 मे द हिंदू ने कर्नाटक मंत्री जी जनार्दन रेड्डी द्वारा स्वर्ण और हीरो के 45 करोड मूल्य के आभूषण तिरुपति को चढाने की खबर छापी थी। भारत के मंदिर इतना ज्यादा धन प्राप्त कर लेते हैं कि वो ये भी नही जानते कि इसका करें क्या। अरबों की सम्पत्ति मंदिरों मे व्यर्थ पडी हैं।

जब यूरोपियन इंडिया आये तो उन्होने यहाँ स्कूल बनवाये। जब भारतीय यूरोप और अमेरिका जाते हैं तो वो वहाँ मंदिर बनाते हैं।

भारतीयों को लगता है कि अगर भगवान कुछ देने के लिये धन चाहते हैं तो फिर वही काम करने में कुछ कुछ गलत नहीं है। इसीलिये भारतीय इतनी आसानी से भ्रष्ट बन जाते हैं।

भारतीय कल्चर इसीलिये इस तरह के व्यवहार को आसानी से आत्मसात कर लेती है, क्योंकि

1. नैतिक तौर पर इसमें कोई नैतिक दाग नहीं आता। कोई भी अति भ्रष्ट नेता सत्ता में आ जाता है, जो आप पश्चिमी देशों में सोच भी नहीं सकते ।

2. भारतीयों की भ्रष्टाचार के प्रति संशयात्मक स्थिति इतिहास में स्पष्ट है। भारतीय इतिहास बताता है कि कई शहर और राजधानियों को रक्षकों को गेट खोलने के लिये और कमांडरों को सरेंडर करने के लिये घूस देकर जीता गया। ये सिर्फ भारत में है भारतीयों के भ्रष्ट चरित्र का परिणाम है कि भारतीय उपमहाद्वीप में बेहद सीमित युद्ध हुये। ये चकित करने वाला है कि भारतीयों ने प्राचीन यूनान और माडर्न यूरोप की तुलना में कितने कम युद्ध लडे। नादिरशाह का तुर्को से युद्ध तो बेहद तीव्र और अंतिम सांस तक लडा गया था। भारत में तो युद्ध की जरूरत ही नहीं थी, घूस देना ही सेना को रास्ते से हटाने के लिये काफी था। कोई भी आक्रमणकारी जो पैसे खर्च करना चाहे भारतीय राजा को, चाहे उसके सेना में लाखो सैनिक हों, हटा सकता था।

प्लासी के युद्ध में भी भारतीय सैनिको ने मुश्किल से कोई मुकाबला किया। क्लाइव ने मीर जाफर को पैसे दिये और पूरी बंगाल सेना 3000 में सिमट गई। भारतीय किलों को जीतने मे हमेशा पैसों के लेनदेन का प्रयोग हुआ। गोलकुंडा का किला 1687 में पीछे का गुप्त द्वार खुलवाकर जीता गया। मुगलों ने मराठों और राजपूतों को मूलतः रिश्वत से जीता श्रीनगर के राजा ने दारा के पुत्र सुलेमान को औरंगजेब को पैसे के बदले सौंप दिया। ऐसे कई केसेज हैं जहाँ भारतीयों ने सिर्फ रिश्वत के लिये बड़े पैमाने पर गद्दारी की।

सवाल है कि भारतीयों में सौदेबाजी का ऐसा कल्चर क्यों है जबकि जहाँ तमाम सभ्य देशों में ये सौदेबाजी का कल्चर नहीं है

3- भारतीय इस सिद्धांत में विश्वास नहीं करते कि यदि वो सब नैतिक रूप से व्यवहार करेंगे तो सभी तरक्की करेंगे क्योंकि उनका ''विश्वास धर्म'' ये शिक्षा नहीं देता। उनका कास्ट सिस्टम उन्हे बांटता है। वो ये हरगिज नहीं मानते कि हर इंसान समान है। इसकी वजह से वो आपस में बंटे और दूसरे धर्मो में भी गये। कई हिंदुओं ने अपना अलग धर्म चलाया जैसे सिख, जैन बुद्ध, और कई लोग इसाई और इस्लाम अपनाये। परिणामतः भारतीय एक दूसरे पर विश्वास नहीं करते। भारत में कोई भारतीय नहीं हैं, वो हिंदू ईसाई मुस्लिम आदि हैं। भारतीय भूल चुके हैं कि 1400 साल पहले वो एक ही धर्म के थे। इस बंटवारे ने एक बीमार कल्चर को जन्म दिया। ये असमानता एक भ्रष्ट समाज में परिणित हुई, जिसमें हर भारतीय दूसरे भारतीय के विरुद्ध है, सिवाय भगवान के जो उनके विश्वास में खुद रिश्वतखोर है।

http://www.madhyamarg.com/mudde/article-of-brian-on-corruption/

***

आगामी रैली से संबधित पोस्टर का नमूना छापा जा रहा है। परिसंघ के नेताओं से अपील है कि प्रदेश एवं जिला इकाइयों की ओर से भी छपवाकर वितरित करें।

दिल्ली चलो! दिल्ली चलो!! दिल्ली चलो!!!

"अभी नहीं - तो कभी नहीं"

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का

अखिल भारतीय परिसंघ

के तत्वावधान में

पदोन्नति व निजी क्षेत्र में आरक्षण एवं ठेकेदारी प्रथा की समाप्ति हेतु

रैली

डॉ. उदित राज (Ex. IRS),
राष्ट्रीय अध्यक्ष, परिसंघ

26 दिसंबर, 2017

मंगलवार, सुबह 11 बजे

रामलीला मैदान, नई दिल्ली

AIParisangh
AIParisangh
9899766443
parisangh1997@gmail.com
All India Parisangh
www.aiparisangh.com

भारी संख्या में भाग लेकर रैली को सफल बनाएं

निवेदक : ओम प्रकाश सिंघमार, परमेन्द्र, देवी सिंह राणा, एन.डी. राम, सत्या नारायण, सविता कादियान पंवार, संजय राज (दिल्ली), सुशील कमल, नीरज चक, राज कुमार (उ.प्र.), सिद्धार्थ भोजने, दीपक तभाने, संजय कांबले, अर्चना भोयर, सुनील जोडे (महाराष्ट्र), एस.पी. जरावता (हरियाणा), तरसेम सिंह घारु, रोहित सोनकर (पंजाब), विश्राम मीना, एम.एल. रासु, मुकेश मीना (राजस्थान), विजय राज अहिरवार, हीरा लाल (उत्तराखंड), आलेख मलिक, डी.के. बेहेरा (उड़ीसा), परमहंस प्रसाद, नरेन्द्र चौधरी, विपिन टोपो (म.प्र.), रामूभाई वाघेला, उत्पल कुलकर्णी (गुजरात), एस. करूपइया, पी. एन. पेरूमल (तमिलनाडु), रमन बाला कृष्णन (केरल), मधु चन्द्रा, रेव लन्थू हिलेरी ए (मणिपुर), के. महेश्वर राज, प्रकाश राठौर (तेलंगाना), Ch. दास (आंध्र प्रदेश), हर्ष मेश्राम, प्रदीप सुखदेवे (छ.ग.) पी. बाला (प.बंगाल), मधुसूदन कुमार, विल्फ्रिड केरकेट्ठा (झारखंड), आर.के कलसोत्रा (जम्मू व कश्मीर), मदनराम, शिवधर पासवान (बिहार), जे. श्रीनिवासलू (कर्नाटक), सीताराम बंसल, निहाल सिंह निहलता (हि.प्र.), प्रदीप बास्फोर (असम)

पताचार : टी-22 अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 फोन : 011-23354841/42, मो. 9868978306, टेलीफैक्स : 011-23354843

आगामी रैली से संबंधित हैंडबिल का नमूना छापा जा रहा है। परिसंघ के नेताओं से अपील है कि प्रदेश एवं जिला इकाइयों की ओर से भी छपवाकर वितरित करें।

दिल्ली चलो! दिल्ली चलो!! दिल्ली चलो!!!

"अभी नहीं – तो कभी नहीं"

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का
अखिल भारतीय परिसंघ

के तत्वावधान में

पदोन्नति व निजी क्षेत्र में आरक्षण के लिए एवं ठेकेदारी प्रथा की समाप्ति हेतु

डॉ.उदित राज (Ex. IRS),
राष्ट्रीय अध्यक्ष, परिसंघ

रैली

26 दिसंबर, 2017
मंगलवार, सुबह 11 बजे
रामलीला मैदान, नई दिल्ली

AIParisangh
AIParisangh
9899766443
parisangh1997@gmail.com
All India Parisangh
www.aiparisangh.com

भारी संख्या में भाग लेकर रैली को सफल बनाएं

पत्राचार : टी-22 अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001
फोन : 011-23354841/42, मो. 9868978306, टेलीफैक्स : 011-23354843

प्रमुख उपलब्धियां

1. तीन संवैधानिक संशोधन कराकर आरक्षण बचाया
2. बहुजन लोकपाल बिल पेश करके लोकपाल में आरक्षण कराया
3. 4 नवंबर 2001 को लाखों लोग बौद्ध बने
4. पदोन्नति में आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की
5. संसद में सबसे अधिक दलित मुद्दे उठाए
6. पिछड़ों को उच्च शिक्षा में आरक्षण का समर्थन

प्रमुख मुद्दे

1. पदोन्नति व निजी क्षेत्र में आरक्षण
2. आरक्षण कानून बनाओ
3. सेना और उच्च न्यायपालिका में आरक्षण
4. सफाई काम में ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करना
5. बैकलॉग पदों को भरने हेतु विशेष भर्ती अभियान
6. समान शिक्षा एवं भूमिहीनों को भूमि
7. अनुसूचित जाति योजना एवं जन जाति उप योजना कानून बनाओ
8. एक राज्य का जाति प्रमाण-पत्र सभी राज्यों में मान्य हो
9. महंगाई की दर से छात्रवृत्ति में बढ़ोत्तरी
10. राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन और उसमें आरक्षण
11. जम्मू व कश्मीर में धारा 370 हटाया जाए और आरक्षण लागू हो

साथियो,

लोगों को यह लगता है कि पदोन्नति में आरक्षण भी समाप्त हो रहा है, उसको लेकर प्रभावित लोग कुछ चिंतित हैं, उससे भी बड़ा खतरा सरकारी नौकरी लगभग समाप्ति की ओर है। कारण है आउट सोर्सिंग, ठेकेदारी, विनिवेश और एफ.डी.आई. आदि। जहां पहले हजारों की भर्ती की सूचना अखबारों में निकलती थी अब कभी-कभार कुछ ही देखने को मिलता है। सेंट्रल इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड, बी.ई.एम.एल., सालेम स्टील प्लांट जैसी सरकारी कंपनियों को हाल ही में बेच दिया गया है, अब यहां आरक्षण खत्म। अभी 21 रेलवे स्टेशनों का निजीकरण हुआ और एअर इंडिया, जहां लाखों नौकरियां हैं, निजीकरण के रास्ते पर है लेकिन आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं किया जा रहा है। अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ ने ही निजी क्षेत्र में आरक्षण की बात सन् 2002 से उठाकर राष्ट्रीय स्तर पर बहस में ला दिया था लेकिन आवश्यक सहयोग न होने की वजह से यूपीए सरकार जो कुछ करने वाली थी वह भी रुक गया। ठेकेदारी का रास्ता निकालकर सरकारी नौकरी ही नहीं समाप्त की जा रही है, बल्कि मजदूरों का आर्थिक शोषण भी तेज हो गया है। शिक्षा के निजीकरण की वजह से दलित, आदिवासी, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। शिक्षण संस्थानों में भेदभाव बढ़ा है, चाहे वह हैदराबाद विश्वविद्यालय में रोहित वेमुला का मामला हो या जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय हो। जातीय पूर्वाग्रह के कारण ही सहारनपुर में भीम सेना ने जन्म लिया और दबंगों और दलितों के बीच भीषण संघर्ष जारी है।

जब तक कुछ बातों पर विमर्श नहीं होता तब तक संघर्ष भी सही दिशा में नहीं हो पा रहा है। पहला, विधायक, सांसद, मंत्री इसलिए नहीं लड़ेंगे, क्योंकि दलित का भी वोट इनके कहने से नहीं बल्कि राजनैतिक पार्टियों के प्रभाव से पड़ता है। जब एक दलित सांसद खुद के लिए दलित का वोट प्राप्त नहीं कर पाता तो वह क्या इनके लिए लड़ सकता है? जब अत्याचार होता है तो दलित नेता याद आते हैं। जो ज्यादा दलित-प्रेम दिखाने की कोशिश करता है तो उसी के दूसरे या तीसरे भाई को खड़ा कर दिया जाता है। बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर ने यह जरूर कहा था कि राजनैतिक सत्ता से सारे ताले खुल जाते हैं। यह कथन सत्य है लेकिन वे खुद कांग्रेस में रहकर इतना कुछ कर गए, जबकि राजनैतिक सत्ता नेहरू जी के हाथ में थी। जिस तरह से जाट और पटेल समाज बिना नेताओं के सड़क पर उतरकर संघर्ष किया, वैसा ही करना पड़ेगा, वरना राजनैतिक सत्ता के इंतजार में सबकुछ खो बैठेंगे।

विधायिका और कार्यपालिका आरक्षण खत्म नहीं कर सकती इसलिए न्यायपालिका का सहारा लिया जा रहा है। पदोन्नति में आरक्षण की समस्या मध्य प्रदेश, उ.प्र., जम्मू व कश्मीर जैसे राज्यों में पैदा होने की वजह से सुप्रीम कोर्ट में बहस चल रही है। जज का कहना है कि एक ड्राइवर और एक जज एक समान नहीं हो सकते। जातीय व्यवस्था में ड्राइवर एवंज जज समान हैं। ड्राइवर की जिंदगी कार ड्राइविंग सीट पर नहीं बीतती और जज की फाइल में नहीं, इंसान जिंदगी समाज में ही जीता है। इस तर्क के द्वारा न्यायपालिका दलित और आदिवासी आरक्षण में भी क्रीमीलेयर लाने का षड्यंत्र कर रही है। सुप्रीम कोर्ट संसद का अधिकार छीनकर किस तरह से दलित जज कर्णन का हाल किया और आज वे जेल में हैं।

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ ने 5 आरक्षण विरोधी आदेश, जो 1997 में जारी हुए थे, के खिलाफ संघर्ष किया और 3 संवैधानिक संशोधन कराकर आरक्षण बचाया। पिछड़ों के लिए मिले उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण के लिए लड़ाई लड़ा। बहुजन लोकपाल बिल बनाकर लोकपाल में आरक्षण कराया। 2006 में पदोन्नति में आरक्षण के मुकदमे (नागराज) की पैरवी सरकार से 40 लाख रूपये दिलवाकर निजी वकील से करायी। डॉ. उदित राज ने निजी क्षेत्र में आरक्षण के लिए संसद में बिल पेश किया, जाट और मराठा जैसे सामाजिक आंदोलन का समर्थन मिला होता तो अब तक संसद कानून बनाने के लिए बाध्य हो जाती। देश में परिसंघ ही एक ऐसी संस्था है, जो लाखों कर्मचारियों व अधिकारियों की समस्याओं के लिए पत्र लिखकर या टेलीफोन करके सहायता करता रहता है। 4 नवंबर, 2001 को लाखों लोगों को बौद्ध बनाया। क्या देश में कोई अन्य ऐसी संस्था है जिसने अधिकार दिलाया हो और वैचारिक लड़ाई भी लड़ी हो। हां, कुछ संगठन हैं जो दुश्मन को गाली-गलौच देकर लोगों को एकत्रित कर लेते हैं, लेकिन क्या मैदाने जंग में अधिकार लेने के लिए कभी आए। परिसंघ सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनो में आगे है। हम तो कहते हैं कि परिसंघ से अच्छा कोई और संगठन हो तो उसका साथ दो नही तो जात-पांत, एवं अहंकार भूलकर 26 दिसंबर को रामलीला मैदान, नई दिल्ली में 11 बजे लाखों की संख्या में शामिल हों। याद रखें कि संख्या ही एक हमारी ताक़त है। लाखों गोष्ठी और स्थानीय मीटिंगें जगह-जगह पर कर ली जाएं तो उसका प्रभाव नहीं होने वाला है, जितना कि लाखों की संख्या में दिल्ली में इकट्ठा होकर।

